प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 09.05.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. पाकिस्तान ने करीब 400 ड्रोन का इस्तेमाल कर कल रात भारतीय सीमा में 36 जगहों पर किया घुसपैठ का प्रयास : भारतीय सशस्त्र बलों ने सभी कोशिशों को किया विफल।
2. विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा– भारतीय सशस्त्र बलों ने जिम्मेदारी से पाकिस्तान का दिया पर्याप्त जवाब।
3. केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने लोगों से जरूरी चीजों की जमाखोरी न करने की अपील की : कहा – देश में सभी आवश्यक वस्तुओं का पर्याप्त स्टॉक मौजूद।
4. भारत–पाकिस्तान के बीच तनाव को देखते हुए उत्तर प्रदेश में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट : सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टिया रद्द, सोशल मीडिया की निगरानी तेज। और
5. बीसीसीआई ने आईपीएल को एक सप्ताह के लिए किया स्थगित : लखनऊ में रॉयल चलेंजर्स बैंगलुरु और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच मैच टला।

———————

पाकिस्तान ने कल रात करीब 400 ड्रोन का इस्तेमाल कर भारतीय सीमा में लेह से लेकर सरक्रीक तक 36 जगहों पर घुसपैठ की कोशिश की थी। भारतीय सशस्त्र बलों ने इनमें से कई ड्रोन को मार गिराया। नई दिल्ली में आज पत्रकारों को जानकारी देते हुए भारतीय सेना की कर्नल

सोफिया कुरैशी ने बताया कि पाकिस्तानी सेना ने सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के इरादे से पूरी पश्चिमी सीमा पर कई बार भारतीय हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया।

बाइट....

*8 से 9 मई 2025 की मध्य रात्रि को पाकिस्तानी सेना ने सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के इरादे से पूरी पश्चिमी सेना पर भारतीय वायु सीमा का कई बार उल्लंघन किया। अंतर्राष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर लेह से लेकर सरक्रीक तक 36 स्थानों पर 300 से 400 लगभग दोनों का इस्तेमाल घुसपैठ का प्रयास करने के लिए किया गया। भारतीय सशस्त्र बलों ने काइनेटिक व नॉन कायनेटिक साधनों का उपयोग करके इनमें से कई को मार गिराया।*

कर्नल सोफिया कुरशी ने बताया कि ड्रोन के मलबे की फोरेंसिक जांच की जा रही है और शुरुआती रिपोर्टों से पता चलता है कि वे तुर्की के ड्रोन हैं।

विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि पाकिस्तानी हमले के जवाब में भारत ने पाकिस्तान के चार हवाई रक्षा स्थलों पर ड्रोन लांच किये। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा पर भारी गोलाबारी भी की, जिसमें भारतीय सेना के कुछ जवान हताहत और घायल हुए हैं।

विदेश सचिव विक्रम मिसरो ने इस दौरान बताया कि भारतीय सशस्त्र बलों ने आनुपातिक, पर्याप्त और जिम्मेदारी से पाकिस्तान का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान द्वारा किए गए इन हमलों का पाकिस्तान द्वारा आधिकारिक

और स्पष्ट रूप से हास्यास्पद खंडन उनके धोखे का उदाहरण है।

————————

सीमा सुरक्षा बल ने जम्मू और कश्मीर के सांबा जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ के बड़े प्रयास को विफल करते हुए कम से कम सात आतंकवादियों को ढेर कर दिया।

————————

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली में पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा स्थिति और भारतीय सशस्त्र बलों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के० त्रिपाठी शामिल हुए। बैठक में रक्षा सचिव आर.के. सिंह भी उपस्थित थे।

वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज सीमा सुरक्षा बल, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो के महानिदेशकों के साथ बैठक की और सीमा पर हालात की समीक्षा की।

————————

केंद्र सरकार ने सभी मीडिया चनलों, डिजिटल प्लेटफॉर्म और नागरिकों से रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों

की आवाजाही की लाइव कवरेज या वास्तविक समय की रिपोर्टिंग न करने को कहा है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मंत्रालय ने कहा कि ऐसी संवेदनशील जानकारी का खुलासा अभियान की प्रभावशीलता को खतरे में डाल सकता है।

---

केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने लोगों से घबराहट में जरूरी चीजों की जमाखोरी ना करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि देश में सभी आवश्यक वस्तुओं का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कृषि मंत्रालय की तैयारियों की समीक्षा की और कहा कि देश के अन्न भंडार भरे हुए हैं। सेना के साथ देश के किसान भी तैयार हैं। बाइट....

*एक तरफ सीमा पर हमारे जवान तैनात है पाकिस्तार के हर हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ खेतों में किसान तैयार है। सीमा पर जवान, खेतों में किसान उनके साथ वैज्ञानिक आज कृषि विभाग और ग्रामीण विकास विभाग ने भी इन परिस्थितियों में क्या ड्यूटी है हमारी, इसकी तैयारी की है।*

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने कहा है कि सभी एटीएम, धनराशि जमा करने की मशीनें और सभी डिजिटल सेवाएं सामान्य रूप से संचालित हो रही हैं। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने भी लोगों को आश्वस्त किया है कि देश में कहीं भी पेट्रोल, डीज़ल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है।

————————

भारत–पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए पूरे उत्तर प्रदेश में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं। सरकार ने सभी पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी ह। राजधानी लखनऊ समेत अयोध्या वाराणसी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। अफवाहों और भ्रामक पोस्टों पर रोक लगाने के लिए सोशल मीडिया की निगरानी की जा रही है।

————————

जम्मू और श्रीनगर के एयरपोर्ट को पाकिस्तान द्वारा निशाना बनाने की कोशिश के बाद नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो ने लखनऊ, वाराणसी और कुशीनगर सहित देश के सभी एयरपोर्ट के लिये हाई अलर्ट घोषित कर दिया है। वाराणसी एयरपोर्ट पर सुरक्षाबलों क जवानों ने आज सघन चेकिंग की। पेश है एक रिपोर्ट....

*भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए वाराणसी के संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है काशी विश्वनाथ धाम सहित रेलवे स्टेशन और लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डे पर सुरक्षाकर्मी नियमित अंतराल पर गस्त करके संदिग्ध वस्तुओं और व्यक्तियों की लगातार निगरानी कर रहे हैं। वाराणसी एयरपोर्ट पर अनावश्यक रूप से पार्क होने वाली गाड़ियों को हटा दिया गया है। इसके अलावा आने वाले प्रत्येक यात्री की गहन जांच हो रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह।*

विमानन कंपनियों ने एडवाइजरी जारी कर यात्रियों से अपील की है कि प्रस्थान से कम से कम तीन घंटे पहले हवाई अड्डे पर पहुंचें।

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी और गुरु गोविंद सिंह जैसे वीर योद्धाओं को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान का आतंकवादी चेहरा अब दुनिया के सामने बेनकाब हो चुका है।    बाइट....

*हमारे बहादुर जवानों ने तीनों सेनाओं ने पाकिस्तान को उसका करारा जवाब दे कर के आज आप देख रहे होंगे किस रूप में अलग थलग पड़ा पाकिस्तान आज दुनिया के सामने कराता हुआ नज़र आ रहा है। पाकिस्तान आतंकवाद को प्रश्रय ही नहीं देता बल्कि आतंकी गतिविधियों में सीधे सीधे*

*लिप्त है और उसकी संलिप्तता इस बात को दिखाती है की पाकिस्तान अब अपने वजूद के लिए जस्ताव दिखाई देगा।*

——————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने आज लखनऊ में दो प्रमुख कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। विश्व बैंक के सहयोग से उत्तर प्रदेश में यूपी–एग्रीस कार्यक्रम को लागू किया गया। श्री योगी ने यूपी–एग्रीस प्रोजेक्ट में विश्व बैंक की सहभागिता का आभार जताया। बाइट....

*उत्तर प्रदेश के अंदर जिस क्षेत्र में प्रारंभ से ही सर्वाधिक संभावना थी, वह एग्रीकल्चर का फील्ड था और यह देख सकते हैं कि उत्तर प्रदेश के अंदर अलगअलग क्षेत्रों में अगर हम पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जाते हैं तो वहां पर एग्रीकल्चर की प्रोडक्टिविटी ईस्टर्न। बाढ़ की तुलना में काफी अच्छी है और इस विषमता को ही दूर करने के लिए यूपी एग्रीज के इस कार्यक्रम में हम लोगों ने वर्ल्ड बैंक की मदद ली है। इस परियोजना को स्वीकृत करने के लिए मैं वर्ल्ड बैंक के प्रेसिडेंट का वर्ल्ड बैंक की पूरी टीम का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।*

इससे 10 लाख किसानों को फायदा होगा। यूपी एग्रीस प्रोजेक्ट 4 हजार करोड़ की परियोजना है, जिसमें से दो हजार 737 करोड़ रुपए का ऋण विश्व बैंक द्वारा 6 वर्षों की अवधि के लिए उपलब्ध कराया है। कार्यक्रम क दौरान प्रोजेक्ट 'एआई प्रज्ञा' का भी शुभारंभ किया गया। इसके जरिए उत्तर प्रदेश को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के हब के तौर पर स्थापित करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के

जरिए प्रदेश में 10 लाख युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विभिन्न पहलुओं में दक्ष बनाया जाएगा।

————————

जम्मू में शहीद हुए सेना के हवलदार सूरज सिंह यादव का आज उनके पैतृक गांव इटावा के प्रेम का पुरा में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया । 6 मई को सेना वाहन के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के कारण सूरज सिंह यादव समेत पांच सेना के जवान शहीद हो गए थे।

————————

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के क्रम में कल प्रदेश में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत के दौरान आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 एनआई एक्ट से संबंधित वाद, धन वसूली वाद, श्रम वाद एवं सेवानिवृत्ति लाभों से संबंधित विवादों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर किया जाएगा।

————————

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड–बी.सी.सी.आई ने आईपीएल 2025 के शेष सत्र को एक सप्ताह के लिए तत्काल निलंबित करने की घोषणा की है। यह निर्णय भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव, के बाद आया है। इसी क्रम में आज लखनऊ के इकाना स्टेडियम में

रॉयल चलेंजर्स बैंगलुरु और लखनऊ सुपर जायंट्स का भी मैच स्थगित कर दिया गया।

(समाप्त)